## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल से बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी राजपाल रजक 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। फरियादी देवाशीर्ष शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से 75,000 रुपये कीमत की चोरी की बाइक बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

### अनियंत्रित ट्रक छात्रावास की बाउंड्री तोड़कर घुसा

**सतना।** उचेहरा के पाल्हनपुर मोड़ पर एक बड़ा हादसा टल गया,जहाँ एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित सीनियर बालक छात्रावास की बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।प्रशासन मामले की जाँच कर रहा है।

### उतैली में अवैध शराब बेचते पति-पत्नी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**सतना।** कोलगवां थाना पुलिस ने उतैली क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए पति-पत्नी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संतोष जायसवाल और उसकी पत्नी सरोज जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

### सोनौरा बाईपास में चाकूबाजी कर लूट करने वाले दो बदमाश धरे गए

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के सोनौरा बाईपास रोड पर बाइक सवार से चाकूबाजी कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए बदमाशों के नाम हेतलाल वंशकार 24 वर्ष और बाली वंशकार 27 वर्ष हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

### चोरी का आरोपी गोपाल उर्फ राधे पुलिस की गिरफ्त में

**सतना।** कोलगवां थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए चोरी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी का नाम गोपाल उर्फ राधे वंशकार (पिता विश्वनाथ वंशकार) है,जो नारायण तालाब का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### युवक का कार से अपहरण कर बेरहमी से मारपीट

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हाटी ग्राम में अवैध शराब की पैकारी चलाने वाले गुर्गों ने एक युवक को कार से अगवा कर लिया। आरोपी उसे पथरहा ग्राम ले गए,जहाँ उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। मारपीट में युवक का हाथ फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं, भीषण सड़क हादसे में 5 युवकों की दर्दनाक मौत, 1 गंभीर





**मैहर।** सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब दो बजे नेशनल हाईवे-30 पर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। अमरपाटन जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल का जन्मदिन मनाकर लौट रहे छह युवकों की तेज रफ्तार महिंद्रा SUV (MP-13 L-1181) रीगरा गाँव के पास आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि SUV का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे ने पाँच परिवारों की खुशियाँ एक झटके में छीन लीं।

### मौके पर ही तोड़ा दम, एक जबलपुर रेफर

हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112,हाईवे पेट्रोलिंग और नादान देहात थाना पुलिस मौके पर पहुँची। रेस्क्यू टीम ने काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे युवकों को बाहर निकाला। पाँच युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी,जबकि एक युवक ओंम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

### मृतकों की पहचान

हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान अंकुर पटेल (40 वर्ष), मृदुल पटेल (23 वर्ष), विजय पटेल (30 वर्ष), हरिशंकर पटेल (25 वर्ष) और शिवा पटेल (23 वर्ष) के रूप में हुई है। इनमें से विजय और हरिशंकर सगे भाई थे। मृतकों में से चार युवक मैहर जिले के तनाजा गाँव के और शिवा पटेल नरोरा गाँव के निवासी थे। ये सभी पूर्व विधायक लालजी भाई पटेल और पूर्व कांग्रेस विधायक स्वर्गीय मथुरा पटेल के परिवार से जुड़े बताए जा रहे हैं।

### अनियंत्रित रफ्तार बनी काल

ट्रक चालक चितरंजन दास चंदेल के अनुसार,उसका ट्रक 40 से 45 किमी/घंटा की रफ्तार पर था,तभी पीछे से आई तेज रफ्तार SUV ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रक के पिछले दोनों टायर क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस की प्रारंभिक जाँच के मुताबिक,दुर्घटना का मुख्य कारण गाड़ी की अत्यधिक रफ्तार और चालक का वाहन पर से नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जाँच शुरू कर दी है।



# जर्जर भवन में संचालित आंगनवाड़ी, मासूमों की जान जोखिम में, बारिश में टपक रही छत

### जिम्मेदार अधिकारी बेखबर



**सतना।** जिले के नगर परिषद बिरसिंहपुर के शिवाजी वार्ड क्रमांक 09 में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र एक जर्जर किराए के भवन में संचालित हो रहा है। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बारिश का पानी सीधे अंदर टपक रहा है,छत का प्लास्टर उखड़ चुका है और सरिए बाहर निकल आए हैं। इसके बावजूद प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चों को इसी भवन में बैठाकर आंगनवाड़ी का संचालन किया जा रहा है। भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। इसके बावजूद संबंधित परियोजना अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अबतक न तो भवन का निरीक्षण किया गया और न ही केंद्र को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की पहल की गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? यदि अचानक छत का कोई हिस्सा भरभराकर गिर जाए और कोई मासूम उसकी चपेट में आ जाए,तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या तब अधिकारी केवल जांच के आदेश जारी करेंगे?

### सतना में निजी अस्पतालों की मनमानी चरम पर, सीएमएचओ साधे हैं चुप्पी

# पूजा हॉस्पिटल में भारी हंगामाः डॉक्टरों पर परिजनों से मारपीट का आरोप, इलाज में लापरवाही से भड़के लोग

**समय पर रिपोर्ट न देखने और टालमटोल से बिगड़ी बात,मरीज को लेकर नागपुर भागे परिजन**

**सतना।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना नाका स्थित 'पूजा क्रिटिकल केयर न्यूरो एंड ट्रामा हॉस्पिटल' एक बार फिर विवादों के घेरे में है। इलाज के दौरान डॉक्टरों की घोर लापरवाही और उसके बाद परिजनों के साथ बदसलूकी व मारपीट का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में घंटो चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के दौरान मरीज के परिजनों की शर्ट तक फट गई। घटना के बाद बदहवास परिजन गंभीर हालत में मरीज को लेकर नागपुर के लिए रवाना हो गए।





### 15 घंटे तक किया इंतजार, ऐन वक्त पर खड़े किए हाथ

जानकारी के अनुसार,उमरी निवासी व सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रबंधक आरबी सिंह को न्यूरो संबंधी गंभीर समस्या होने पर परिजनों ने डॉ.नितिन कुलश्रेष्ठ के पास भर्ती कराया था।मरीज के बेटे देवेंद्र सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने सुबह ही ऑपरेशन की बात कही थी,लेकिन दिनभर उन्हें टालमटोल कर दूसरे मरीजों में व्यस्त रखा गया। सुबह से डॉक्टर के केबिन में रखी रिपोर्ट को शाम तक देखा तक नहीं गया। जब परिजनों ने स्थिति जाननी चाही,तो डॉक्टर भड़क गए और सीधे हाथ खड़े करते हुए मरीज को बाहर ले जाने की सलाह दे दी।

### 'तुम डॉक्टर हो क्या?' कहकर स्टाफ और डॉक्टरों ने की मारपीट

परिजनों का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने डॉक्टर से पूछ लिया-अगर रिपोर्ट सुबह ही देख ली होती, तो हमारे 15 घंटे बर्बाद न होते और हम पिता को समय पर नागपुर ले जाते। इतना सुनते ही डॉक्टर आपा खो बैठे और तीखे लहजे में बोले-तुम लोग डॉक्टर हो क्या? आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने मिलकर परिजनों से बदसलूकी की और उनके साथ जमकर मारपीट की,जिसमें पीड़ित राहुल सिंह की शर्ट तक फट गई। पूजा हॉस्पिटल का विवादों से पुराना नाता रहा है,इससे पहले भी यहाँ कई बार हंगामा हो चुका है।

### निजी अस्पतालों में 'लूटमार' जारी, जिम्मेदार अधिकारी मौन

यह घटना सतना के निजी अस्पतालों में चल रहे काले खेल की महज एक बानगी है। कारगिल ढाबा, डायवर्सन रोड,मुख्तियारगंज और पन्ना रोड पर स्थित कई निजी अस्पतालों में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ और खुली लूट मची है। खून की जाँच से लेकर ऑपरेशन के नाम पर मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं।आशा कार्यकर्ताओं और कुछ सरकारी डॉक्टरों की मिलीभगत से मरीजों को इन 'रेफरल सेंटरों' में फंसाया जाता है। सबसे शर्मनाक बात यह है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर जिला प्रशासन के आला अधिकारी आँखें मूंदे बैठे हैं,जिससे इन निजी सेंटरों के हौसले बुलंद हैं। मामले में अस्पताल प्रबंधन और डॉ.कुलश्रेष्ठ से संपर्क का प्रयास किया गया,लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए। फिलहाल पुलिस जाँच के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो पाएगी।





# स्मार्ट सिटी या 'गड्ढा सिटी'

### रेस्टोरेशन के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा, जनता ने लगाया खतरे का बोर्ड!

**सतना।** स्मार्ट सिटी सतना के बाजार क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल है। सीवर लाइन बिछाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा किए गए लाखों के रेस्टोरेशन की पोल पहली बारिश ने ही खोल दी है। स्टेशन रोड ( पुराना नगर निगम तिराहा से नगर निगम तिराहा तक), लालता चौक,गांधी चौक,चौक बाजार,गणपत मार्ग और बिहारी चौक इलाकों में सड़कें जगह-जगह से बुरी तरह धंस चुकी हैं। सोमवार रात और मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद ये गड्ढे और जानलेवा हो गए हैं। हालात इतने बदतर हैं कि स्टेशन रोड पर एक ई-रिक्शा पलट गया और लोगों का पैदल चलना भी दूभर है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रशासन की इस घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार से गुस्साए नागरिकों ने अब स्टेशन रोड और बिहारी चौक के पास टूटी सड़क पर स्मार्ट सिटी का खतरा का पोस्टर टांग दिया है। कागजों पर 'स्मार्ट' बन रहा सतना जमीन पर हादसों का केंद्र बन चुका है।



# कई दिनों बाद परिवार से मिली बिछड़ी बुजुर्ग माता



**मैहर।** सोशल मीडिया पर भटकी हुई बुजुर्ग महिला की जानकारी प्रसारित होने के महज एक दिन बाद उसका परिवार मैहर पहुंच गया और अपनी माता को सकुशल अपने साथ घर ले गया। यह भावुक पल वृद्धा आश्रम में मौजूद सभी लोगों के लिए खुशी का कारण बना। जानकारी के अनुसार,13 मई 2026 को मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मेला परिसर से भटकी हुई बुजुर्ग महिला को सुरक्षित वृद्धा आश्रम में रखा गया था। महिला अपना नाम फूलरानी गोंड तथा निवास ग्राम चौबे की उमरिया,जिला जबलपुर बता रही थीं,लेकिन उनके पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं था। ऐसे में उनकी पहचान और परिजनों तक सूचना पहुंचाना बड़ी चुनौती थी। मंगलवार को सोशल मीडिया पर बुजुर्ग महिला की खबर प्रसारित होने के बाद उनके परिजनों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद 7 जुलाई 2026 को उनके पुत्र प्रकाश सिंह,बहू,दामाद तथा अन्य परिजन मैहर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे और अपनी माता की पहचान कर उन्हें अपने साथ घर ले गए। इस कार्य में एसडीएम दिव्या पटेल एवं समिति कर्मचारी सुरेन्द्र गर्ग की सराहनीय भूमिका रही।

# 60 एकड़ में चमकेगी तिल की उन्नत फसल, किसानों को बांटे गए 'आर.टी.-372' बीज और खाद



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने क्षेत्र के किसानों की आय और तिल की उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के कुशल निर्देशन में संचालित 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (तिल एवं रामतील)' के अंतर्गत ग्राम पालदेव में एक विशेष कृषि सामग्री एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फसल विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक डॉ.सुधाकर प्रसाद मिश्र के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ना है। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना के तहत इस बार क्षेत्र के 60 एकड़ रकबे में तिल की बंपर पैदावार की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए किसानों को अधिक उत्पादन देने वाली तिल की उन्नत प्रजाति आर.टी.-372 के प्रमाणित बीज मुफ्त उपलब्ध कराए गए।

# गुगड़ी में दर्दनाक हादसे में रेखा बाई की मौत


### महिला कि मौत के बाद हाईवे पर चक्का जाम



**मैहर।** मैहर जिले के गुगड़ी में दोहपर 12.30 बजे रेखा बाई 40 वर्ष पति कमलेश यादव सड़क किनारे पैदल जा रही थी महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-30 पर चक्का जाम कर दिया। मृतका की पहचान रेखा बाई यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि गुगड़ी क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। उनका कहना है कि यहां लंबे समय से ब्रिज या सुरक्षित क्रॉसिग की मांग की जा रही है,लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों से नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह एवं आरआई नृपेन्द्र सिंह सहित अधिकारियों ने बातचीत कर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों नेकरीब डेढ घंटे बाद अपना चक्का जाम समाप्त किया और हाईवे पर यातायात दोबारा सुचारु रूप से शुरू हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय व डीपीसी कार्यालय पहुंचे पारधी सामाज के अभिभावक व बच्चे, शिक्षा प्रदान करवाने के लिए की मांग

**पारधी (बहेलिया) समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे वहीं न ही परिवारों का गुजारा न जमीन न आवास न ही कोई रोजगार कैसे पले परिवार समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शिक्षा के माध्यम से इनके बच्चों को छात्रावास पन्ना टाईगर रिजर्व में बिल्डिंग बनवाई जिला शिक्षा केन्द्र का संचालन फिर भी शिक्षा से बच्चे आज भी दूर**







**पन्ना।** समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए अंतिम छोर के व्यक्तियों में सबसे पिछले पायदान के रूप में पारधी व बहेलिया समाज मानी जा रही है। क्योंकि न तो इनके मकान व जमीन न ही इनके परिवार के गुजारे के लिए रोजगार जंगलों में प्राचीन समय से शिकार करके अपना गुजारा करते थे। तत्कालीन समय जब पन्ना टाईगर रिजर्व बाघ विहीन हुआ तो प्रशासन की नजर पारधियों व बहेलिया समाज पर गई। तत्कालीन पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालन श्रीआर निवास मूर्ति जो पन्ना टाईगर रिजर्व में उस समय पदस्थ किये गये थे यहां। दास्ता बहेलियों को लेकर शिकार से दूरी बनाने के लिए इन्हें रोजगार का आश्वसन दिया गया। कुछ समय के लिए जनवार के पास सीमेन्ट के पोल बनाने का कार्य भी दिया गया। पर जब स्थाई रोजगार नहीं तो गुजारा आगे नहीं बढ़ा। वहीं कहने को तो गांधी ग्राम में बहेलियों के लिए कुछ जमीन आवास के लिए ऐसे दी गई जैसे कमरे काट दिये गये हो। आखिरकार समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जिन्हें आवास के लिए जमीन चाहिए वहीं रोजगार से जोड़ने से प्रयास आज तक नहीं किये गये। शिकार में प्रतिबंध लग गया पर कई तरह के अपराधों में ये समाज के लोग लिप्त होने लगे। अब इन्हें अपराधियों की नजर से देखा जा रहा है। इनके परिवारों का गुजारा कैसे हो वही इनका भावी भविष्य इनके बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्कालीन समय में ही पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा बिल्डिंग बनवाकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए छात्र-छात्राओं के लिए प्रयास किये गये। समय बीता हालात बदले जिला शिक्षा केन्द्र को बिल्डिंग हेंड ओव्हर कर दी गई जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से अब छात्रावास का नाम भी बदल दिया गया। जबकि इस छात्रावास का नाम ही बहेलिया कन्या बालिका छात्रावास कुंजवन था वहीं बालकों के लिए नारंगीबाग के पास छात्रावास संचालित था जो वर्तमान में सीनियर बेसिक स्कूल में संचालित है। अब दोनों छात्रावासों के नाम भी बदल दिये गये। बहेलिया बालिका छात्रावास कुंजवन का नाम नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन किया गया। वहीं सीनियर बेसिक में संचालित छात्रावास का नाम भी परिवर्तित कर दिया गया। जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शिक्षा के माध्यम से इनके बच्चों को जो शिक्षा प्रदान करने की दिशा तय की जा रही थी अब हालात बदले अन्य समाजों के बच्चे जिनके सभी दस्तावेज जो शिक्षा को लेकर आवश्यक हो गये पहले प्रवेश ले लेते है जिसकी वजह से इनके प्रवेश में कठिनाईयां जाने लगी। चूंकि अशिक्षित समाज जिनके भोजन का गुजारा नहीं रहने का ठिकाना नहीं रोजगार कोसों दूर आखिरकार बच्चों के पढ़ने के लिए कैसे दस्तावेज बनवाये वहीं अन्य समाज भी अगर दूरी बनायेगा तो फिर मुख्य धारा में कैसे इन्हें लाया जायेगा। शिकार से दूर तो किया गया प्रतिबंध लगाकर पर अन्य अपराधों की ओर ये बढ़ने लगे। जिससे परिवार बिखर रहे है। आखिरकार इन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इनके बच्चों को शिक्षा से जोडने के लिए प्रथम प्रयास जो किये गये जिनके लिए बिल्डिंग बनाई गई उन्हीं के लिए प्रवेश में कठिनाई क्योंकि अब पोर्टल में प्रवेश के दौरान आधार कार्ड समग्र आईडी तथा जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज वहीं जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता इनके पास सभी दस्तावेज मिलना कठिनाई की दास्ता कहने को तो जन्म-मृत्यु का रजिस्टार पंचायत में सचिव की जिम्मेदारी दी गई पर इनके दस्तावेज क्यों नहीं बनाये जाते। वहीं जब जनप्रतिनिधि चुनाव लड़ते है तो वोट की जरूरत इनकी भी होती है वाकायदे ये मतदान करते है पर इनके भविष्य को लेकर न ही कोई जनप्रतिनिधि आगे आ रहे और न ही जिम्मेदार अधिकारियों का परवाह आखिरकार समाज की मुख्य धारा में कैसे यह समाज आयेगा। वहीं सत्तारूढ दल भाजपा दीन दयाल उपाध्याय जी के सिद्धांतों पर अंतिम छोर के व्यक्तियों को प्राथमिता पर योजनाओं के माध्यम से लाभ देने के लिए बात की जाती है पर सच्चाई तो यह है कि आज भी अंतिम छोर के व्यक्ति योजनाओं की लाभ से वंचित है उदाहरण के तौर पर ये पारधी समाज (बहेलिया) के लोग जो स्वयं आज जन सुनवाई में कलेक्टर कार्यालया पहुंचे वहीं जिला शिक्षा केन्द्र डीपीसी कार्यालय भी पहुंचे। छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए ये अभिभावक शाहनगर तहसील के कई गांवों से आये हुए थे। आखिरकार एक तरफ सरकार की प्राथमिकता शिक्षा से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ जो अशिक्षित समाज है जिसे प्राथमिकता पर शिक्षा से जोड़ना है वहीं जो कभी पढ़ते थे व छोड़ चुके इन्हें भी पढ़ाना है पर यहां तो सच्चाई यह है कि जिन्हें प्राथमिक शिक्षा की जरूरत उन्हें भी प्रवेश पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा। यह सच्चाई पारधी व बहेलिया समाज की जीवन दास्ता से जुड़ी हुई है। आज भी इन्हें अपने परिवार के गुजारे के लिए मकान जमीन चाहिए रोजगार की जरूरत अपराध मुक्त समाज को लेकर जिम्मेदारों को गौर करना चाहिए। कैसे हो इनके परिवारों का गुजारा। आखिरकार अपराधी न बनाये शिक्षा प्रदान करें आवश्यक दस्तावेज जिम्मेदार स्वयं बनवायें वहीं इन्हें रोजगार से जोड़ा जाये तभी इनका भविष्य संवर सकेगा। व इन्हें भी समाज से जोड़कर देखा जाये इनसे दूरी न बनाई जाये इन्हें प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाये। तभी यह समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### अजय कुमार गुप्ता होंगे डाईट प्राचार्य



**पन्ना।** जिला पंचायत कार्यालय द्वारा वरिष्ठता के आधार पर अजय कुमार गुप्ता को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना का प्राचार्य नियुक्त करने संबंधी आदेश जारी किया गया है। शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन की दृष्टि से डाईट के वरिष्ठ व्याख्याता अजय कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से प्राचार्य का प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब बात यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में जहां अजय कुमार गुप्ता की कार्यप्रणाली जिला शिक्षा केन्द्र में जिला समन्वयक (डीपीसी) के रूप में चर्चा में वहीं आपको दो दिन का प्रभार जिला शिक्षा अधिकारी का भी मिल चुका है। अब डाईट प्राचार्य की जिम्मेदार यहां डाईट प्राचार्य के रूप में अब तक जो प्राचार्य रहे उनमें कई प्राचार्यों की कार्यप्रणाली जिले में शिक्षा प्रदान करवाने के लिए जिन शिक्षकों को यहां प्रशिक्षण दिया जाता है उनसे जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण संस्थान है। साथ ही शिक्षा ही विकास का आधार है। अनुशासन ही देश को महान बनाता है। सब भविष्य को लेकर जुड़ा हुआ माना जाता है। इस संस्थान का गौरव हमारे जिला मुख्यालय मे प्रख्यात है। जिसकी जिम्मेदारी अजय कुमार गुप्ता को दी गई है उम्मीदें सभी की उन बेहतर प्राचार्यों की तरह इनकी ओर भी टिकी निगाहें क्योंकि बेहतर शिक्षा प्रणाली की दिशा यहां से ही तरासकर आगे जानी जाती है।

### जनसुनवाई में आए 24 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 24 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकृत कीं। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुईls

### कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा मंगलवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अतिवर्षा के कारण जिला चिकित्सालय के वार्डों में जलभराव की स्थिति निर्मित होने की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लिया और मौके पर पहुँचकर स्थिति का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती परमार ने चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का अवलोकन किया।

## जेल विभाग में चयनित युवक सड़क हादसे में गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य मार्ग पर ग्राम विक्रमपुर के समीप बुधवार को एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अभिषेक पांडे (33), पिता कमलेश पांडे, निवासी जगत चौकी, डायमंड चौराहा, पन्ना, सिमरिया से पन्ना लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन से क्रॉसिंग लेते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही अमानगंज डायल-100 के पायलट हरिलाल पटेल एवं आरक्षक अंगराज पटेल मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया।बताया गया है कि अभिषेक पांडे का हाल ही में जेल विभाग में चयन हुआ था और उन्हें बुधवार को ही जॉइनिंग के लिए जाना था, लेकिन इससे पहले ही वे सड़क हादसे का शिकार हो गए।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि में प्रकरणों का निराकरण बढ़ाएं, पोषण ट्रैकर पर पंजीयन शीघ्र पूर्ण करें : कमिश्नर

### लापरवाह सुपरवाइजरों का वेतन रोकने, हितग्राही मूलक योजनाओं में प्रगति लाने और निर्माण कार्यों में तेजी के दिए निर्देश

**पन्ना।**



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी की अध्यक्षता में आज नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास तथा श्रम विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कमिश्नर ने विभिन्न जनहितैषी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जिलेवार प्रगति की सघन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश जारी किए। कमिश्नर श्री सुचारी ने संभाग अंतर्गत निर्माणाधीन सीवर और वाटर सप्लाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण कार्यों की जिलेवार स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रगतिरत शेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास 2.0 योजना के तहत स्वीकृत नवीन कार्यों की जियो-टैगिंग सहित अन्य तकनीकी औपचारिकताओं को अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान दमोह सहित पन्ना जिले में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन और प्रकरणों के लंबित रहने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत अनिवार्य रूप से बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वनिधि से समृद्धि अभियान, जिला मुख्यालयों पर एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) केंद्रों की स्थापना तथा श्वान आश्रय स्थलों के संचालन की जिलेवार प्रगति की भी समीक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की धीमी गति पर असंतोष जताया, जिसमें विशेष रूप से पन्ना, निवाड़ी और सागर जिलों की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। उन्होंने संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शत-प्रतिशत पंजीयन की स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए। लाड़ली लक्ष्मी योजना की लचर प्रगति पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने संबंधित सुपरवाइजरों का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार लाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री बाल आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलेवार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अनुग्रह सहायता योजना, ई-श्रम कार्ड और प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की प्रगति को परखा और पात्र श्रमिकों को समय पर लाभांवित करने को कहा। बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## उत्तर सामान्य वन मण्डल के वन परिक्षेत्र धरमपुर का मामला

# वन क्षेत्र में कथित अवैध खनन की जांच, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने किया निरीक्षण

### कांग्रेस नेता की विस्तृत शिकायत पर हरकत में आया वन विभाग

**पन्ना।** जिले के उत्तर सामान्य वन मंडल की धरमपुर रेंज में कथित अवैध खनन और विभागीय अनियमितताओं का मामला अब राज्य स्तर तक पहुंच गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के निर्देश पर वन विभाग के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता (स्टेट लेवल फ्लाइंग स्क्वॉड) ने बीते सप्ताह पन्ना पहुंचकर 2 और 3 जुलाई को लगातार दो दिन धरमपुर वन क्षेत्र में कथित अवैध खनन से जुड़े स्थलों का सघन निरीक्षण किया। जांच दल ने वन सीमा चिन्हित कर मौके की स्थिति का परीक्षण किया और पंचनामा तैयार किए। कई माह से सुखिर्य़ों में बने वन परिक्षेत्र धरमपुर एवं अजयगढ़ की उच्च स्तरीय शिकायतों के बाद पन्ना से लेकर वन भवन भोपाल तक हलचल तेज हो गई है। जांच दल के अधिकारियों ने मीडिया में किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि इसके लिए वे अधिकृत नहीं है। स्थानीय कांग्रेस नेता की शिकायत पर हुई इस जांच की रिपोर्ट संभवतः इसी सप्ताह पीसीसीएफ को सौंपी जाएगी।



### 9 बिंदुओं की विस्तृत शिकायत-

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरत मिलन पांडेय ने 27 मई 2026 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) भोपाल से नौ बिंदुओं पर आधारित विस्तृत लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में धरमपुर वन परिक्षेत्र में अवैध खनन, वन भूमि के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं तथा विभिन्न विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नीलम कंस्ट्रक्शन एवं भगवती कंस्ट्रक्शन द्वारा वन भूमि कथित रूप से से क्रेशर लगाकर बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया और वन एवं पर्यावरण के साथ शासन के राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई गई। इसके अलावा शिकायत में पिष्टा क्षेत्र में भारा तालाब निर्माण की आड़ में बड़े पैमाने पर खनिज संपदा के अवैध उत्खनन का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि तालाब निर्माण की आड़ में निकाले गए खनिज का वैधानिक लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

### पौधारोपण और सड़क निर्माण कार्य भी शामिल-

कांग्रेस नेता की शिकायत केवल कथित अवैध खनन तक सीमित नहीं है। इसमें तेंदूपत्ता शाखा-कर्तन कार्यों में वन समिति अध्यक्षों के कथित फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान निकाले जाने, वन भूमि पर अतिक्रमण की अनदेखी, बिना वैधानिक स्वीकृति ग्रामीण पहुंच मार्गों का निर्माण कराने तथा पौधारोपण क्षेत्र तैयारी कार्यों में व्यापक आर्थिक अनियमितताओं और गुणवत्ताहीन कार्य कराए जाने के आरोप भी शामिल हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अटल भूजल योजना के तहत धरमपुर रेंज में निर्मित कई जल संरचनाएं गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरतीं और इनमें शासकीय राशि का दुरुपयोग हुआ है। हालांकि उड़नदस्ता दल ने स्पष्ट किया कि इन कार्यों की जांच उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती। शिकायतकर्ता को उक्त कार्यों की जांच हेतु विभागीय शिकायत एवं सतर्कता प्रकोष्ठ से संपर्क करने का सुझाव दिया गया।

### तत्कालीन रेंजर के संरक्षण में हुई अनियमितताएं-

शिकायत में तत्कालीन धरमपुर रेंजर वैभव सिंह चंदेल का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा मैदानी वन अमले की मिलीभगत से वन संपदा के दोहन की अघोषित छूट देकर और विभागीय कार्यों में फर्जीवाड़ा करके अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की गई। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। इसी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन ने राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद अमित साहू प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल ने पन्ना पहुंचकर दो दिनों तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान उड़नदस्ता दल ने कथित अवैध खनन से जुड़े स्थलों का निरीक्षण कर वन सीमा का चिन्हांकन कराया तथा मौके की वास्तविक स्थिति के आधार पर पंचनामे तैयार किए। जांच के समय धरमपुर रेंज के प्रभारी रेंजर अजय बाजपेयी, संबंधित सर्किल प्रभारी, बीटगार्ड, शिकायतकर्ता भरत मिलन पांडेय तथा स्थानीय पत्रकार भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल अपनी जांच रिपोर्ट इसी सप्ताह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) अमित दुबे को सौंपेगा। इसके बाद रिपोर्ट प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। स्थानीय स्तर पर इस बात को लेकर उत्सुकता बनी हुई है कि जांच में कौन-कौन से तथ्य सामने आते हैं और उनके आधार पर आगे क्या निर्णय लिया जाता है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े विभागीय कार्य-

धरमपुर और अजयगढ़ रेंज पिछले काफी समय से विभागीय कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर चर्चा में है। विशेष रूप से पौधारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, अटल भूजल योजना के तहत निर्मित जल संरचनाएं, वन संरक्षण से जुड़े विकास कार्य तथा अन्य निर्माण गतिविधियों को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। इन मामलों से संबंधित शिकायतें लोकायुक्त संगठन से लेकर उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद विभागीय स्तर पर हलचल तेज हुई और अंततः दोनों रेंजों के तत्कालीन रेंजरों का स्थानांतरण भी हो गया। हालांकि स्थानांतरण के बावजूद उनके कार्यकाल में कराए गए कार्यों को लेकर उठे सवाल अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुए हैं। बीते कुछ महीनों में धरमपुर और अजयगढ़ रेंज में पौधारोपण क्षेत्र तैयारी कार्यों की गुणवत्ता, अटल भूजल योजना के अंतर्गत बनाए गए तालाबों की उपयोगिता तथा अन्य निर्माण कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में हैं। इन मामलों में प्रकाशित समाचारों और उच्च स्तर पर हुई शिकायतों के बाद विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

### शिकायत की टाइमिंग पर भी उठ रहे सवाल-

धरमपुर वन परिक्षेत्र में कथित अवैध खनन और विभागीय अनियमितताओं को लेकर की गई शिकायत की टाइमिंग चर्चा का विषय बनी है। पूरे मामले कुछ माह पहले हुई वन अपराध संबंधी कार्रवाई की पृष्ठभूमि से जोड़कर देखा जा रहा है। विदित हो कि लगभग तीन माह पूर्व धरमपुर वन परिक्षेत्र के मैदानी वन अमले ने कथित रूप से वन क्षेत्र से पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा था। वन विभाग का दावा था कि उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली कांग्रेस नेता भरत मिलन पांडेय के भाई से संबंधित थी। कार्रवाई की जानकारी मिलने पर भरत मिलन पांडेय, उनके बड़े भाई और भतीजे मौके पर पहुंच गए थे। इस दौरान वन अमले और संबंधित लोगों के बीच विवाद हुआ। विभाग का आरोप था कि विवाद के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को जबरन छुड़ाकर ले जाया गया। इसके बाद वन विभाग की ओर से अजयगढ़ थाना में लिखित शिकायत करने पर पुलिस ने कई संगीन धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। इस प्रकरण में पुलिस ने भरत मिलन पांडेय को जबलपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। बाद में उन्हें उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई। इस मामले में उनके भतीजे की भी गिरफ्तारी हुई थी। जेल से रिहा होने के बाद भरत मिलन पांडेय ने तत्कालीन धरमपुर रेंजर और मैदानी वन अमले के विरुद्ध विस्तृत शिकायत दर्ज कराई। वन विभाग और राजनीतिक हलकों में शिकायत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इस वन कर्मचारियों को सबक सिखाने अथवा बदले की भावना से जोड़कर देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता भरत मिलन पांडेय और उनके परिजनों पर भी पहले भी कई बार अवैध खनन कारोबार से जुड़े होने गंभीर आरोप लग चुके हैं।

## पुरानी रंजिश में खेत पर कुल्हाड़ी और डंडों से की थी हत्या, सभी दोषियों को गैर कानूनी जमावड़े के अपराध में भी 2-2 वर्ष की सजा

# 2 साल पुराने शंकर यादव हत्याकांड में बड़ा फैसला : 12 दोषियों को उम्रकैद

**नौगांव।** नौगांव थानान्तर्गत बहुचर्चित शंकर यादव हत्याकांड में द्वितीय अपर सत्र न्यायधीश पंकज कुमार जैन की अदालत ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए हत्या के सभी 12 आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने हत्या के अपराध में सभी दोषियों को आजीवन कारावास तथा गैरकानूनी जमावड़ा बनाकर अपराध करने के मामले में दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने सुनाया।

मामले में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक रवींद्र सिंह सेंगर के अनुसार थाना नौगांव के अपराध क्रमांक 482/2024 में 13 जुलाई 2024 को धीरजपुर निवासी शैलेंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पिता शंकर यादव के साथ खेत में मूंगफली की फसल में दवा डाल रहा था, जबकि उसके पिता पास ही भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान गांव के करण यादव, बुद्ध उर्फ बुद्ध सिंह यादव, जाहर सिंह यादव, रोहित यादव, महंत यादव, कल्लू उर्फ कल्याण यादव, रामलाल यादव, राजू यादव, हल्काई यादव, देशराज यादव, विशेष यादव एवं ब्रजकिशोर यादव पुरानी रंजिश को लेकर कुल्हाड़ी और डंडे लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

रिपोर्ट के अनुसार सबसे पहले करण ने शंकर यादव के गले पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद देशराज ने भी कुल्हाड़ी से हमला किया, जबकि बुद्ध सिंह ने डंडे से प्रहार किया। अन्य आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। शैलेंद्र यादव ने परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से खून लगी मिट्टी, मृतक के कपड़े और अन्य साक्ष्य जब्त किए। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ियां और डंडे बरामद किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, जब्ती पंचनामे और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने करण, देशराज, बुद्ध उर्फ बुद्ध सिंह, जाहर सिंह, रोहित, हल्काई, विशेष, ब्रजकिशोर, कल्लू उर्फ कल्याण, रामलाल, राजू तथा महंत को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 103(1) सहपठित धारा 190 के तहत हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं दो-दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

इसके अलावा बीएनएस की धारा 191(3) के तहत गैरकानूनी जमावड़ा बनाकर अपराध करने के लिए सभी दोषियों को दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा विचारण के दौरान जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक रवींद्र सिंह सेंगर ने पैरवी की। अभियोजन ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, चिकित्सकीय साक्ष्य, विवेचना के दौरान जब्त हथियारों तथा अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किए, जिन्हें न्यायालय ने स्वीकार करते हुए सभी आरोपियों को दोषी ठहराया। यह फैसला नौगांव क्षेत्र के चर्चित हत्या प्रकरणों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े वृद्ध की कुल्हाड़ी मारकर हत्याः 12 दोषियों को आजीवन कारावास

**छतरपुर।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की अदालत ने दिनदहाड़े हुई वृद्ध की निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एड.राहुल रैकवार ने बताया कि घटना 13 जुलाई 2024 को दोपहर करीब 12 बजे की है। फरियादी शैलेंद्र यादव अपने वृद्ध पिता शंकर यादव के साथ धीरजपुर स्थित झिन्ना वाले खेत में मूंगफली की फसल में दवा डाल रहे थे, जबकि शंकर यादव पास में भैंसें चरा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के करण यादव, देशराज, बुद्धि सिंह, जाहर सिंह, रोहित, महंत, कल्लू, रामलाल, राजू, हल्काई, विशेष और बृजकिशोर यादव लाठी-डंडों एवं कुल्हाडियों से लैस होकर मौके पर पहुंचे।

आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। करण यादव ने कुल्हाड़ी से शंकर यादव के गले पर वार किया, जबकि देशराज ने कान के पास कुल्हाड़ी से हमला किया। बुद्धि सिंह ने लाठी से मारपीट की और अन्य आरोपियों ने भी लात-घूंसों एवं डंडों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल शंकर यादव को नौगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### धसान फिल्टर प्लांट की सफाई व मरम्मत शुरू, नौगांव वासियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**नौगांव।** नगरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने धसान नदी स्थित जल शोधन (फिल्टर) प्लांट की व्यापक सफाई एवं मरम्मत का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया है। बरसात के मौसम में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका प्रशासन ने फिल्टर प्लांट की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर से सैनिटाइजेशन और आवश्यक मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कराया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी, इंजीनियर धर्मेंद्र चौबे एवं नगर पालिका कर्मचारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया तथा सफाई अभियान की निगरानी की। अधिकारियों ने प्लांट की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए आवश्यक तकनीकी सुधार भी सुनिश्चित किए। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने बताया कि बरसात के दौरान धसान नदी का पानी अधिक गंदला होने से फिल्टर प्लांट में मिट्टी एवं अन्य अशुद्धियां जमा हो जाती हैं, जिससे पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

### एनटीपीसी विंध्याचल के ईएमडी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का सफलतापूर्वक किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के विद्युत अनुरक्षण विभाग द्वारा 26 जून से 2 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सप्ताह भर चले अभियान में परियोजना के कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यावहारिक सुरक्षा कौशल को सुदृढ़ करना तथा सुरक्षित कार्य व्यवहार को बढ़ावा देना था। इस दौरान ॱसभी दुर्घटनाएँ रोकी जा सकती हैंॱ के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। सप्ताह के दौरान स्टेज-1 ईएमडी कार्यशाला, स्विचयार्ड, प्रशिक्षण केंद्र, प्लांट कैंटीन तथा विभिन्न कार्यस्थलों पर अनेक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विद्युत सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, सुरक्षा मार्च, एचटी ब्रेकर रैक-इन/रैक-आउट का व्यावहारिक प्रदर्शन, लॉक-आउट टैग-आउट सत्र, इंसुलेटेड टूल्स का प्रदर्शन, नॉन-कॉन्टैक्ट वोल्टेज डिटेक्टर के सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण, प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास, जोखिम पहचान (हैज़र्ड आइडेंटिफिकेशन) गतिविधियाँ, विद्युत सुरक्षा अंताक्षरी तथा कैंटीन कर्मचारियों के लिए विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जागरूकता सत्र शामिल रहे।

## अनुग्रह सहायता, पेंशन, आधार और समग्र आईडी की समस्या का मौके पर समाधान

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने स्वीकृती पत्र सौंपे, आवेदकों के चेहरे पर आई मुस्कान

**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम विनय द्विवेदी, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुडे.रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई के माध्यम से जिले के दूरस्थ अंचलों में निवासरत नागरिकों की आधार एवं समग्र से संबंधित समस्याओं का त्वरित और सकारात्मक समाधान हो रहा है। कलेक्टर ने अपने कक्ष में चार आवेदनों में तत्काल रूप से स्वीकृति एवं आवेदनों के निराकरण पत्र हितग्राहियों को सौंपे। त्वरित निराकरण पर आवेदकों ने शासन प्रशासन का आभार जताया।



### कलेक्टर के विशेष प्रयास से छात्र का सक्रिय हुआ आधार कार्ड -

कलेक्टर श्री जैसवाल के विशेष प्रयास से छतरपुर तहसील के छात्र शिवा प्रजापति तनय भैयालाल प्रतापति जिनका आधार कार्ड यूआईडीएआई के नियम 27 के तहत निष्क्रिय हो गया था, जिसके कारण बच्चे को स्कूल शिक्षा के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा था। उक्त समस्या से परेशान होकर छात्र के अभिभावक पूर्व की जिला स्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित हुए और अपनी समस्या के बारे में बताया। कलेक्टर ने विशेष रूप से सक्रिय पहल करते हुए निदेशक यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सुझाव अनुसार जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स राहुल तिवारी को छात्र के दस्तावेज संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया था, जिसके अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर छात्र का पुनः आधार पंजीयन कराया तथा पंजीयन की जानकारी मेल के माध्यम से निदेशक यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल को उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर के विशेष प्रयास के परिणाम स्वरूप छात्र का आधार कार्ड सक्रिय कर दिया गया है। जिसे आज कलेक्टर द्वारा अपने कक्ष में छात्र को सौंपा गया।

### समग्र से सही आधार हुआ लिंक

कलेक्टर के निर्देश पर समग्र आईडी के 150 से अधिक प्रकरण निराकृत हुए -

जिले की तहसील सटई के ग्राम बॉदनी निवासी रमेश अहिरवार के पुत्र दिव्यांश अहिरवार की समग्र आईडी में अन्य व्यक्ति का आधार लिंक होने से बच्चे की समग्र ईकेवायसी न होने के कारण बच्चे का प्रवेश पंजीयन स्कूल में नही हो पा रहा था। उक्त समस्या को तत्काल निराकरण किया गया और इसके साथ अन्य ऐसे सभी लंबित प्रकरणों को कलेक्टर के निर्देशन में निराकृत किया गया। जिसमें आधार डीलिंक के 150, माता पिता का नाम संशोधन के 09, पति पत्नी के 20, मृत्यु सुधार के 5 अनुरोधों पर तत्काल स्थानीय निकाय अधिकारियों द्वारा अनुमोदित कार्यवाही अनुसार निराकरण किया गया।

### 63 वर्षीय उर्मिला को अब हर माह मिलेगी पेंशन, चन्द्र कुमारी पटेल को 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत -

इसके अलावा 63 वर्षीय उर्मिला विश्वकर्मा निवासी छतरपुर निकाय वार्ड नं 38 इनके पेंशन के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र सौंपा गया। आवेदिका हितग्राही को अब प्रतिमाह 600 रूपये पेंशन प्राप्त हो सकेगी। इसी तरत छतरपुर जनपद के ग्राम मौराहा अंतर्गत कन्हैया लाल पटेल की सामान्य दुःखद मृत्यु हो गई थी। जिससे इनके परिवार की सदस्य चन्द्र कुमारी पटेल को मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के तहत 2 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई।

### 152 आवेदनों पर हुई सुनवाई -

जिला पंचायत सीईओ ने जनसुनवाई के पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गंभीरता से निराकृत करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में प्राप्त 152 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। तत्पश्चात दिव्यांगों की सुनवाई अलग से की गई। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।



# गांव-गांव पहुंच रही छतरपुर पुलिस, साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत छतरपुर जिले में पुलिस की टीमें गांव-गांव और वार्ड-वार्ड पहुंचकर नागरिकों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बता रही हैं। अभियान के माध्यम से लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और साइबर अपराधों की समय रहते शिकायत करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इसी क्रम में छतरपुर सिटी कोतवाली पुलिस ने पठापुर रोड क्षेत्र में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसआई कुलदीप सिंह जादौन, एसआई उमा परिहार, एएसआई गिरजेश राजा बुंदेला, आरक्षक अखंड प्रताप सिंह एवं आरक्षक घनश्याम कुशवाहा ने स्थानीय नागरिकों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे और उनसे बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना बैंक खाता नंबर, एटीएम या डेबिट कार्ड की जानकारी, ओटीपी, सीवीवी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी साझा न करें। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, फर्जी लिंक, क्यूआर कोड स्कैन करने और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई।कार्यक्रम के दौरान नागरिकों के सवालों के जवाब भी दिए गए और बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करे। पुलिस का कहना है कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और अभियान का उद्देश्य आमजन को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाना है।

# बक्सवाहा में संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

### पत्नी ने चाचा-भतीजे पर लगाया हत्या का आरोप; एसपी से न्याय की गुहार



**छतरपुर।** बक्सवाहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी बम्हौरी के ग्राम गुगवारा में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। इस मामले में मृतक खुब सिंह लोधी की पत्नी सीमा लोधी ने 7 जुलाई 2026 को अपने परिजनों व दो छोटे बच्चों के साथ छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा है, जिसमें उसने अपने ही परिवार के चाचा-भतीजे पर पति की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़िता ने आवेदन में बताया कि जमीन विवाद के चलते घटना की रात करीब 9 बजे आरोपी रविंद्र लोधी और मूरत लोधी ने उसके पति के साथ बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी और अगली सुबह उसके पति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने ही उसके पति को मार कर फंदे पर लटकाया है। घटना के बाद से पीड़िता के दो छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जो अब पीड़ित परिवार को डरा-धमका रहे हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से आहत होकर पीड़ित महिला ने एसपी से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## जमीन विवाद में भाई समेत परिजनों का जानलेवा हमला, दंपति व तीन बेटे घायल



**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे खेत पर काम कर रहे एक दंपति और उनके तीन बेटों पर कथित तौर पर कुल्हाड़ी, फरसा और बंदूक से लैस 5 से 7 लोगों ने हमला कर दिया। घटना में परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में प्यारेलाल रैकवार (40), पत्नी शांति रैकवार (36) तथा पुत्र अनिल (20), प्रेमचंद (18) और ब्रजेश (15) शामिल हैं। बताया गया कि हमले में प्यारेलाल के सिर पर कुल्हाड़ी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और तीनों बेटों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष के अनुसार, हमले का आरोप रमेश रैकवार, जगराम रैकवार, प्रकाश रैकवार, दयाराम रैकवार, संतोष रैकवार और रोहित रैकवार पर है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को महाराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने प्यारेलाल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां ट्रॉमा वार्ड में उसका उपचार जारी है। परिजनों का कहना है कि बड़े भाइयों के साथ पिछले करीब 15 दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते यह जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## अस्पताल में इलाज कराने गए दलित परिवार से अभद्रता और मारपीट

**डॉक्टर पर शराब पीकर लज्जा भंग करने का आरोप, एसपी से शिकायत**

**छतरपुर।** भगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घुवारा निवासी एक पीड़ित महिला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा के ड्यूटी डॉक्टर और उनके स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) से न्याय की गुहार लगाई है।आवेदिका अनीता अहिरवार ने मंगलवार को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि 30 जून 2026 की रात करीब 12 बजे वह अपने बीमार भांजे थोवन और बच्चों को लेकर अस्पताल इलाज कराने गई थी। आरोप है कि वहां तैनात डॉक्टर आनंद यादव अपने स्टाफ के साथ शराब पी रहे थे और जब महिला ने इलाज के लिए कहा, तो उन्होंने जातिसूचक गालियां देते हुए उपचार करने से साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर डॉक्टर और उनके स्टाफ ने महिला के साथ लात-घूसों से बेरहमी से मारपीट कर उसकी लज्जा भंग की और बीच-बचाव करने आए उसके बेटे आकाश, भांजे थोवन व अंकित को भी बुरी तरह पीटा। पीड़िता का आरोप है कि घटना की शिकायत तत्काल स्थानीय पुलिस चौकी और 4 जुलाई को एसडीओपी बड़ामलहरा से भी की गई, लेकिन अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। हताश होकर पीड़िता ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज जब्त करने, घायलों का मुलाहजा कराने और शासकीय पद का दुरुपयोग करने वाले आरोपी डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कदम उठाने की मांग की है।

# पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप, पीड़ितों ने एसपी से की शिकायत



### न्यायालय में एफआईआर दर्ज कराने की भी पहल

**छतरपुर।** शहर के दो युवकों ने सिटी कोतवाली थाना के कुछ पुलिसकर्मियों पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं मामले में पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने न्यायालय में भी परिवाद प्रस्तुत किया है।

शिकायतकर्ता नीरज शर्मा निवासी पठापुर रोड तथा दिनेश साहू निवासी शांतिनगर कॉलोनी के अनुसार 5 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजे वे पठापुर रोड स्थित एक स्थान पर बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान सिटी कोतवाली के कुछ पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और पूछताछ के दौरान उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि पुलिसकर्मी उन्हें बिना किसी कारण वाहन में बैठाकर थाने ले गए, जहां भी उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं।

आवेदकों का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 11 कथित जुआरियों से करीब 90 हजार रुपये और 14 मोटरसाइकिल जब्त करने की जानकारी दी, जबकि उनका आरोप है कि मौके से 7 से 8 लाख रुपये पुलिस द्वारा लिए गए तथा जुए के फड़ पर करीब ढाई लाख रुपये मौजूद थे। उनका कहना है कि पुलिस को नियमानुसार जब्ती और गिरफ्तारी की कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया, जो गलत है। शिकायत में पुलिसकर्मियों पर अपने पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता रवि पांडेय ने बताया कि जिन आरक्षकों पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं, उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए न्यायालय में धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### इनका कहना है -

उक्त लोगों के खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। जिला बदर भी रह चुके हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं और यदि इनके द्वारा पुलिसकर्मियों के खिलाफ आवेदन दिया गया है तो इसकी भी जांच कराई जाएगी। हालांकि यह मामला ओरछा थाना क्षेत्र का था और उक्त कार्यवाही भी ओरछा रोड थाना पुलिस के द्वारा की गई थी।

**सतीश सिंह, थाना प्रभारी, कोतवाली**

### दहेज के लिए विवाहिता को जबरन सर्फ और जहरीला पदार्थ पिलाकर मारने का आरोप



## न्याय के लिए एसपी ऑफिस पहुंचा पीड़ित पिता

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मौली में दहेजलोभियों द्वारा एक 24 वर्षीय विवाहिता की कथित तौर पर जहर पिलाकर अप्राकृतिक हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छतरपुर के सरानी दरवाजा के बाहर रहने वाले पीड़ित पिता नत्थू कुशवाहा ने 7 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, नत्थू कुशवाहा ने अपनी पुत्री किरन कुशवाहा का विवाह मई 2025 में ग्राम मौली निवासी हरिनारायण कुशवाहा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से किया था। विवाह के तुरंत बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने का ताना देकर किरन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। पीड़ित पिता का आरोप है कि 1 जून 2026 को किरन के पति हरिनारायण, ससुर परमलाल, सास तुलसा, ननद सुनीता और नंदोई उमेश कुशवाहा ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे जबरन कोई जहरीला पदार्थ व घड़ी डिटर्जेंट पाउडर घोलकर पिला दिया, जिससे उसकी अप्राकृतिक मृत्यु हो गई. इस जघन्य कृत्य के बाद जब पीड़ित पिता ने 20 जून 2026 को बड़ामलहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, तो स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की. थक-हारकर मजदूरी करने वाले बेबस पिता ने एसपी से गुहार लगाई है कि उसकी बेटी की जानबूझकर की गई हत्या के मामले में ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

